# उत्तर प्रदेश को मिला 'बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान अवार्ड'

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : राज्य में व्यवसाय केंद्रित सुधार के लिए उत्तर प्रदेश को 'बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान अवार्ड-2024' प्रदान किया गया है। मंगलवार को दिल्ली में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को यह अवार्ड प्रदान किया। उत्तर प्रदेश को इससे पहले वर्ष 2022 में ईज आफ डूइंग बिजनेस (कारोबार में सुगमता) के क्षेत्र में टाप अचीवर्स अवार्ड के अलावा वर्ष 2022, 2023 व 2024 में लाजिस्टिक्स रैंकिंग में अचीवर्स के रूप में भी अवार्ड प्रदान किया जा चुका है।

सुषमा स्वराज भवन में आयोजित उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार बैठक में नन्दी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान पूरी दुनिया ने भारत की चमक और धमक को महसूस किया है। यही कारण है कि बड़े पैमाने पर वैश्विक निवेश आकर्षित हुआ है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा राज्य सरकारों से संवाद और समन्वय की पहल ने देश की अर्थव्यवस्था में राज्यों के योगदान को विस्तार दिया है। उत्तर प्रदेश में 30 से अधिक नीतियों को लागू किया गया है। निवेश मित्र जैसी सिंगल विंडो प्रणाली, जिलों में उद्यमी मित्रों की तैनाती की गई है।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को प्रदान किया अवार्ड ● सूचना विभाग

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बैठक में नन्दी को दिया अवार्ड
- वर्ष 2022, 2023 व 2024 में लाजिस्टिक्स रैंकिंग में अवार्ड